प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

पंतनगर में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के समापन समारोह में आज पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं मुख्य अतिथि किच्छा विधायक, श्री राजेश शुक्ला ने मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी में सबसे अधिक 33 (18 प्रथम व 15 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा, को पुरस्कृत किया। इसी प्रदर्शनी में व्यक्तिगत रूप से कुल 23 (10 प्रथम एवं 13 द्वितीय) पुरस्कार प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा, के फार्म अधीक्षक, श्री वी.पी. श्रीवास्तव, को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय व अन्य सरकारी संस्थानों के स्टालों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर किसान मेले में आयोजित पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही मेले में लगाये गये विभिन्न वर्गों के स्टॉलों को भी उनके प्रदर्शन व बिक्री के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

मेले में उद्यान प्रदर्शनी में सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त करने पर उत्तराखण्ड सैनिक पुनर्वास संस्था, पत्थरचट्टा, के अधिकारियों को पुरस्कृत करते श्री राजेश शुक्ला, कुलपति, डा. तेज प्रताप व अन्य।